**कार्यालय**

# मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश

**लोक भवन, लखनऊ**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संख्या ..आर.-32(ई-ऑफिस)/चौंतीस-सां0वि0प्र-2024 दिनांक 20/09/2024

**ई-ऑफिस**

शासकीय कार्य-पद्धति को 'पेपर-लेस ऑफिस' में परिवर्तित करके शासकीय कार्यसंचालन क्षमता में सार्थक सुधार के लक्ष्य के साथ, सचिवालय स्थित समस्त विभागों/कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली कार्यान्वित की जा रही है।

2- इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 21 एवं 26 जून, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से हुई बैठकों में सभी जिलाधिकारियों, नगर आयुक्तों एवं उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरणों द्वारा आश्वस्त किया गया था कि दिनांक 15 जुलाई, 2024 तक समस्त जनपदों में ई-ऑफिस को लागू (Go Live) कर दिया जाएगा। तदुपरान्त इस कार्यालय के पत्र संख्या आर-28(ई-ऑफिस)/चौंतीस-सां.वि.प्र.-2024 दिनांक 27 अगस्त, 2024 द्वारा निर्देश दिए गए थे कि **"दिनांक 05 सितम्बर, 2024 तक समस्त मण्डलों/जनपदों/नगर निगमों/विकास प्राधिकरणों में अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस को लागू (Go Live) करने एवं ई-ऑफिस पर ई-फाइल/ई-रिसीट का व्यवहरण करते हुए कार्यालयों को पेपर-लेस किया जाना सुनिश्चित किया जाए।"**

3- नोडल एजेन्सी द्वारा दिनांक 18 सितम्बर, 2024 को प्रस्तुत **संलग्न रिपोर्ट** में निम्नवत स्थिति पाई गई:-

**मण्डलायुक्त कार्यालयों में-**

- समस्त मण्डलों द्वारा ई-ऑफिस को प्रारम्भ (Go Live) कर दिया गया है।
- 10 मण्डलों यथा अयोध्या, अलीगढ़, गोरखपुर, झाँसी, प्रयागराज, मिर्जापुर, मेरठ,लखनऊ वाराणसी एवं सहारनपुर में बहुत कम संख्या में ई-फाइल create की गई हैं।
- **03 मण्डलों यथा बस्ती, देवीपाटन एवं मुरादाबाद में ई-फाइल movement प्रारम्भ नहीं हुआ है।**
- 10 मण्डलों यथा कानपुर, बरेली, चित्रकूट धाम, प्रयागराज, झाँसी, मेरठ, अयोध्या, बस्ती, देवीपाटन एवं मुरादाबाद में ई-ऑफिस के प्रयोगार्थ नवीन निर्मित डिजिटल हस्ताक्षरों (DSC) की संख्या शून्य है।

**जिलाधिकारी कार्यालयों में-**

- समस्त 75 जनपदों द्वारा ई-ऑफिस को प्रारम्भ (Go Live) कर दिया गया है।
- 31 जनपदों में ई-फाइल movement की स्थिति सन्तोषजनक है।
- **44 जनपदों में ई-फाइल** movement **बहुत कम है।**

**नगर निगमों में-**

- 10 नगर निगमों यथा अलीगढ़, लखनऊ, बरेली, सहारनपुर, अयोध्या, वाराणसी, मथुरा-वृन्दावन, फिरोजाबाद, आगरा एवं गाजियाबाद द्वारा ई-ऑफिस को प्रारम्भ (Go Live) कर दिया गया है।
- 03 नगर निगमों यथा अलीगढ़, लखनऊ एवं बरेली में ई-फाइल movement की स्थिति सन्तोषजनक है।

क्रमशः पृष्ठ 2/- पर

- **04 नगर निगमों यथा सहारनपुर, अयोध्या, वाराणसी एवं मथुरा-वृन्दावन में बहुत कम संख्या में ई-फाइल move की गई हैं।**
- **03 नगर निगमों यथा फिरोजाबाद, आगरा एवं गाजियाबाद में ई-फाइल creation एवं movement प्रारम्भ नहीं हुआ है।**
- **07 नगर निगमों में अभी तक ई-ऑफिस प्रारम्भ (Go Live) नहीं हुआ है।**

**विकास प्राधिकरणों में-**

- 11 विकास प्राधिकरणों यथा आगरा, उरई, कानपुर, गोरखपुर, बरेली, बागपत-बडौत-खेकड़ा, बुलन्दशहर, मथुरा-वृन्दावन, वाराणसी, सहारनपुर एवं हापुड़-पिलखुवा द्वारा ई-ऑफिस को प्रारम्भ (Go Live) कर दिया गया है।
- वाराणसी विकास प्राधिकरण में ई-फाइल movement की स्थिति सन्तोषजनक है।
- **02 विकास प्राधिकरणों यथा सहारनपुर एवं हापुड़-पिलखुवा में बहुत कम संख्या में ई-फाइल move की गई हैं।**
- **08 विकास प्राधिकरणों यथा** आगरा, उरई, कानपुर, गोरखपुर, बरेली, बागपत-बडौत-खेकड़ा, बुलन्दशहर एवं मथुरा-वृन्दावन **में ई-फाइल creation एवं movement प्रारम्भ नहीं हुआ है।**
- **शेष 17 विकास प्राधिकरणों में अभी तक ई-ऑफिस प्रारम्भ (Go Live) नहीं हुआ है।**

4- उक्त रिपोर्टों में दृष्टिगत न्यून प्रगति से परिलक्षित होता है कि कतिपय मण्डलों/जनपदों/नगर निगमों/विकास प्राधिकरणों द्वारा शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता के कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

**5- मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा उक्त स्थिति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपेक्षा की गई है** कि कृपया अपने स्तर से समीक्षा करते हुए दिनांक 30 सितम्बर, 2024 तक समस्त मण्डलों/जनपदों/नगर निगमों/विकास प्राधिकरणों में अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस को लागू (Go Live) करने एवं ई-ऑफिस पर ई-फाइल/ई-रिसीट का व्यवहरण करते हुए कार्यालयों को पेपर-लेस किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**संलग्नक: यथोक्त।**

(एस०पी० गोयल) 20/9/2024
अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री

1- **समस्त मण्डलायुक्त,**
उत्तर प्रदेश।

2- **समस्त जिलाधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

3- **समस्त नगर आयुक्त,** नगर निगम,
उत्तर प्रदेश।

4- **समस्त उपाध्यक्ष,** विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।